प्रादेशिक समाचार
29.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का किया अंतिम प्रकाशन, नागरिकों से सूची में अपना नाम जांचने का किया अनुरोध।
2. एसीबी ने आरोपी विनय सिंह के हजारीबाग स्थित गाड़ी शोरूम को किया अस्थायी रूप से सील, गुमला के महिंद्रा नेक्स्जेन शोरूम में छापेमारी कर दस्तावेज किए जब्त।
3. डालटनगंज में विधायक और आईजी ने कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन, शहर के 113 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अब अपराध पर होगी कड़ी निगरानी।
4. पूरे राज्य में दुर्गोत्सव की धूम, शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की हुई विशेष पूजा, पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भीड़।
5. मौसम विभाग ने चार अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न जिलों में हल्की से भारी बारिश की जताई संभावना, वज्रपात और तेज हवाओं का जारी किया येलो अलर्ट।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया। श्री कुमार ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अंतिम प्रकाशित सूची में अपना नाम जांचें और जो नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म–6 भरकर नाम जुड़वाएं।

********************

एसीबी ने न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी विनय सिंह के हजारीबाग में डेमोटांड़ स्थित गाड़ी शोरूम को अस्थायी रूप से सील कर दिया। शराब और भूमि घोटाले से जुड़े मामलों की जांच के तहत आज हुई इस कार्रवाई में शोरूम के बाहर नोटिस भी चिपकाया गया। एसीबी डीएसपी ने बताया कि विनय सिंह के खिलाफ दोनों मामलों की जांच चल रही है और इसी क्रम में यह कार्रवाई की गई है।

इधर गुमला जिला मुख्यालय स्थित महिंद्रा नेक्स्जेन शोरूम में आज रांची एसीबी की छह सदस्यीय टीम ने छापेमारी की। लगभग पांच घंटे चली इस कार्रवाई के बाद शोरूम को सील कर दिया गया और कई दस्तावेज जब्त कर रांची ले जाया गया। एसीबी टीम में शामिल अधिकारी ने कहा कि इसकी विस्तृत जानकारी वरीय अधिकारियों द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी जाएगी।

********************

डालटनगंज में विधायक आलोक चौरसिया और आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कंपोजिट कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया, जिसके माध्यम से शहर के 113 हाई डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि इन कैमरों के जरिए अपराध पर नियंत्रण होगा और पलामू जिला विधि–व्यवस्था के मामले में अव्वल बनेगा।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर कर की दर को कम करके नागरिकों को काफी राहत प्रदान कर रहे हैं।

*******************

रांची स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत कार्यालय परिसर और आसपास क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने "स्वच्छता शपथ" ली और कचरा हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाने का संदेश दिया।

*******************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में दुर्गोत्सव की धूम है, पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है और वे माता दुर्गा के दर्शन कर प्रार्थना कर रहे हैं। सिमडेगा जिला मुख्यालय में आठ स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना के साथ डांडिया–गरबा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

*******************

रामगढ़ के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके सिद्ध पीठ में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की विशेष पूजा आराधना की गई, जिसमें भक्तों की भीड़ उमड़ी। पुजारी सुबोध पंडा ने बताया कि मां कालरात्रि का रूप उग्र है, लेकिन वे अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन और हवन में भाग लिया।

*******************

सरायकेला राजघराने में आज मध्यरात्रि 11.46 बजे मां दुर्गा की महामेरू पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। प्राचीन परंपरा के अनुसार पहले तोप की गर्जना से पूजा का संकेत दिया जाता था, लेकिन अब ढोल–नगाड़े और शहनाई के माध्यम से महामेरू पूजा का संकेत दिया जाएगा।

*******************

गोड्डा जिले में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर पिछले तीन दिनों से स्थानीय गांधी मैदान में डांडिया का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य में चार अक्टूबर तक अलग–अलग जिलों में हल्की से भारी बारिश की संभावना जताई है और वज्रपात और तेज हवाओं की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने जानकारी दी कि कल राज्य के कुछ जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

*******************

सिमडेगा में आयोजित प्रथम हॉकी सिमडेगा मास्टर कप 2025 पुरुष प्रतियोगिता में 75 वर्षीय पूर्व सैनिक थेवोदर मिंज ने अपने शानदार ड्रिबलिंग से विपक्षी टीम के छक्के छुड़ाए, हालांकि टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच को देखने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा सपरिवार मैदान पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व सैनिक थेवोदर मिंज, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अंजुलस बिलुंग और उनके गुरु फादर बेनेदिक कुजूर को सम्मानित किया गया।

********समाप्त************